मुद्दों पर स्थायी समिति की बैठक सितम्बर, 1990 में आयोजित की गयी थी परन्तु इस मुद्दे पर विचार नहीं हो पाया। किन्तु राजस्थान की जल-आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पूर्व की ओर प्रवाहित होने वाली हिमालयी नदियों के अधिशेष प्रवाहों को पश्चिम को ओर मोड़ने का सामान्य मुद्दा राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण की बैठकों में राजस्थान द्वारा अलग से उठाया गया। यह निर्णय लिया गया कि 8वीं योजना अवधि के दौरान इस पहलू पर अध्ययन पूरे किए जाएं। तदनुसार राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण ने ये अध्ययन शुरू किए हैं।

जल-संसाधनों का उपयोग

3490. **श्री जूभाई ए० परमार** : क्या **जल संसाधन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि चल रहे जल विवादों के कारण जल संसाधनों का उपयोग नहीं हो पा रहा है ; और

(ख) सरकार राष्ट्र हित में जल संसाधनों का समुचित उपयोग करने के लिए क्या प्रयास कर रही है ?

जल संसाधन मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) चूंकि जल विवाद, कुल उपलब्ध जल में हिस्से का निर्णय करने के लिए है इसलिए इस समय चल रहे जल विवाद का जल ससाधनों के उपयोग पर अधिक प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। तथापि, कभी कभी जल संसाधन परियोजनाओं के शीघ्र पूरा करने पर इसका प्रभाव पड़ जाता है।

(ख) सरकार ने वर्ष 1987 में राष्ट्रीय जल नीति तैयार की है। देश में जल संसाधनों के विकास से संबंधित मुद्दों पर विचार करने तथा राष्ट्रीय संसाधन परिषद की प्रगति की सूचना देने के वास्ते राष्ट्रीय जल नीति के क्रियान्वयन की पुनरीक्षा करने के लिए एक राष्ट्रीय जल बोर्ड सितम्बर, 1990 में गठित किया गया है।

Functions of Water and Power Consultancy Services (India) Limited (WAPCOS)

3491. SHRI MENTAY PADMANABHAM: Will the Minister of WATER RESOURCES be pleased to state:

(a) what are the functions and objectives of WAPCOS;

(b) what is the annual budget sanctioned for it stating the details during the last three years;

(c) whether WAPCOS has suggested any water harnessing and storage projects for Andhra Pradesh; and

(d) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF WATER RESOURCES (SHRI V. C. SHUKLA): (a) WAPCOS is a premier Consultancy Organisation in the field of Water Resources and Power Department sharing latest technical know-how with other developing countries and with Clients within the country. WAPCOS acts as a nodal agency to project India's experience and expertise in related areas world-wide.

(Rs in Lakhs)

Particulars	Year 1990-91	1991-92	1992-93
Revenue Budget			
Income	746·94	984·41	1088·92
Expenditure	616·02	808·48	892·13
Profit before Tax	130.92	175·93	196·79
Capital Budget	89.60	97.35	181 .77